शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज
जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)– 497220

आन्तरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

पांचवी बैठक

दिनाँक 25–04–2019, दिन–गुरूवार

आज दिनाँक 25.04.2019 को महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की पांचवी बैठक प्राचार्य कक्ष में दोपहर 3:00 बजे चेयरमैन डॉ॰आर॰एस॰अग्रवाल जी की अध्यक्षता में आयोजित हुयी । प्रकोष्ठ की आज की बैठक में सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ॰आर॰एस॰ अग्रवाल ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया, तत्पश्चात IQAC के कोर्डिनेटर डॉ॰आर॰बी॰सोनवानी ने बैठक के एजेण्डा को बिन्दुवार स्पष्ट किया । आज की बैठक की कार्यवाही का विवरण निमनानुसार हैः–

1 प्रथमतः समिति ने पूर्व में प्रस्तावित निर्णयों पर हुई प्रगति की समीक्षा की और कार्यों की प्रगति पर संतोष जताया साथ ही अधूरे कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने का निर्णय लिया गया ।

2 प्रकोष्ठ ने विश्वविद्यालय द्वारा भेजी जाने वाली उत्तरपुस्तिकाओं के समयबद्ध मूल्यांकन का निर्णय लिया । इससे विश्वविद्यालय को समय पर परीक्षा परिणाम जारी करने में सुगमता होगी।

3 महाविद्यालय में छात्रों की समस्या समाधान के लिए हेल्पडेस्क गठन का निर्णय लिया गया, जिसके श्री अगस्टिन कुजूर, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) को हेल्प डेस्क का प्रभारी अधिकारी बनाये जाने का निर्णय लिया गया।

4 प्रकोष्ठ ने वर्तमान में जारी वार्षिक परीक्षाओं के विधिवत प्रभावी संचालन का निर्णय लिया और गतवर्ष की भाँति इस वर्ष भी परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए यथा आवश्यक कार्य करने का निर्णय लिया गया ।

5 महाविद्यालय में सत्र 2018–19 का ग्रीन ऑडिट कराने का निर्णय लिया गया । जिसके लिये श्री रमेश कुमार खैरवार ,सहायक प्रध्यापक (हिन्दी) को प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया।

6 महाविद्यालय में सत्र 2018–19 से नवीन प्रोग्राम BCA शुरू हुआ है जिसके लिए आवश्यक अधोसंरचना विकसित का निर्णय लिया गया । इसके लिए महाविद्यालय में एक कम्प्यूटर लैब को शीघ्र ही विकसित किया जाय जिसके लिए आवश्यक कम्प्यूटर व फर्नीचर अन्य सभी सामनों को शीघ्र क्रय किया जाय ऐसा निर्णय लिया गया ।

7 आगामी 21 जून को महाविद्यालय में ही अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का निर्णय लिया गया । इस आयोजन के सम्बन्ध में सभी दायित्व की जिम्मेदारी क्रीडाधिकारी श्री विश्वास विश्वकर्मा को दी गई।

8 NSS स्वर्ण जयन्ती वर्ष को दृष्टिगत रखते हुये महाविद्यालय में NSS की ओर से विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

9 नये शैक्षणिक सत्र 2019–20 के लिए महाविद्यालय का अपना एक आन्तरिक अकादमिक कैलेण्डर जारी किया जाये जो उच्च शिक्षा विभाग छतीसगढ़ के द्वारा जारी अकादमिक कैलेण्डर के अनुरूप हो। इस आन्तरिक अकादमिक कैलेण्डर को निर्मित करने का दायित्व IQAC संयोजक डॉ. आर. बी. सोनवानी को देने का निर्णय हुआ।

10 महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं के मध्य सामाजिक एवं आर्थिक एकरूपता के उद्देश्य से महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं के लिए यूनिफार्म नये सत्र 2019–20 से लागू करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अन्त में IQAC कोर्डिनेटर डॉ. आर. बी. सोनवानी ने सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस बैठक में महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी सदस्यों ने दृढ़ निश्चय प्रकट किया और पूर्ण जवाबदेही के साथ कार्य करने का बात कहीं। प्राचार्य की अनुमति से बैठक को समाप्त घोषित किया गया।

आज दिनांक 25.04.2019 की IQAC बैठक में निम्नालिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1. श्री अगस्टिन कुजूर, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी)।
2. शनि कुमार धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)।
3. श्री रमेश कुमार खैरवार, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)।

IQAC
संयोजक

Govt Larang Sai P.G. College Ramanujganj (C.G.)
AISHE
C-9753

प्राचार्य
शा0 लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामानुजगंज
जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)

शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)